# विधानसभा अध्यक्ष ने किया बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

## देवनानी ने जल भराव, फॉयसागर झील, सीवरेज और जलापूर्ति के जाने हालात

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को शहर का दर्द जाना। देवनानी अफसरों के साथ खुद कीचड़, जल भराव और नागरिकों आ रही समस्याओं में उतरें एवं निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा राहत कार्य तुरन्त शुरू हों, विस्तृत तैयारी करें, बारिश के बाद बड़े पैमाने पर सर्जरी की जाएगी। सालों से आ रही समस्याएं पूरी योजना के साथ समाप्त की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित के साथ शहर का निरीक्षण किया। उन्होंने अजमेर के विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया। जगह-जगह खड्डे, मिट्टी के ढेर और उधड़ी हुई डामर मिली। देवनानी व जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि पूरी तरह सड़क तो बारिश के बाद बनेगी लेकिन फौरी तौर पर राहत के लिए पेचवर्क और खड्ड़ों को भरने का काम किया जाए।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित के साथ शहर का निरीक्षण किया।

देवनानी अधिकारियों के साथ सागर विहार कॉलोनी स्थित बर्ड पार्क एवं सेक्टर तीन पर पहुंचे। यहां बरसाती पानी भरा हुआ मिला। उन्होंने अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि पम्प सेट लगाकर पानी निकाला जाए। जितने ज्यादा संभव हो सके पम्प सेट लगाए जाएं। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष वैशाली नगर में चौधरी कॉलोनी पहुंचे। यहां थोड़ी सी बारिश में नाला ओवरफ्लो हो रहा है, गंदा पानी कॉलोनी में घुस रहा है। इस पर श्री देवनानी ने कहा कि नालों के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट स्वीकृत हो गया है। बारिश रूकते ही काम शुरू होगा। सफाई एवं जलभराव रोकने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष ने मित्तल अस्पताल से बीएसएनएल चौराहे तक सड़क का भी निरीक्षण किया। यहां सड़कों पर अब भी पानी भरा है, सीवरेज के कारण समस्या है और सड़क निर्माण कई महीनों से रूका पड़ा है। इस पर श्री देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के अफसरों को आपसी समन्वय से काम कर जलभराव को तुरन्त समाप्त करने एवं सड़क का काम शुरू करने के निर्देश दिए। देवनानी खुद कीचड़ और जल भराव में उतरे और मौके पर हालात देखे। बीएसएनएल चौराहे पर रोड तो बना दी गई लेकिन नालियां दो साल बाद भी नहीं बनने से सड़क पर पानी भर रहा है। उन्होंने अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि नाली का निर्माण जल्द कराया जाए। जल भराव समस्या का स्थायी समाधान निकले। डिफेंस कॉलोनी में नाले का निर्माण नहीं होने से फॉयसागर से आ रहा बांडी नदी का पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। जिला कलक्टर को इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए गए।

■ **अफसरों के साथ पानी, कीचड़ में उतरे देवनानी, खुद परखी व्यवस्थाएं**

देवनानी ने फॉयसागर जाकर चादर चलने की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने अफसरों से फॉयसागर में शहर को जलापूर्ति की जानकारी ली। यहां से 3 के बजाए 1.8 एमएलडी पानी ही शहर में आपूर्ति होने की जानकारी मिली। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरी उपकरण व सामान तुरन्त खरीद कर 3 एमएलडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस चौकी के सामने वाली गली, महावीर कॉलोनी में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर बृजलता हाड़ा, अध्यक्ष रमेश सोनी, अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्या के एवं नगर निगम आयुक्त देशलदान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**बिजयनगर,** (निसं)। विजयनगर के दो प्रमुख महाविद्यालयों संजीवनी महाविद्यालय और राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को एकत्रित होकर छात्र शक्ति स्नेह मिलन कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्र शक्ति ग्रुप द्वारा किया गया था, जिसमें छात्रों ने एक दूसरे से मिलकर अपने अनुभवों और विचारों को साझा किया।

कार्यक्रम में विजयनगर के कई छात्रसंघ पदाधिकारी, संगठन में पदों पर रहे कई प्रदेश व जिला पदाधिकारी, कई जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता और सभी संगठनों के पदाधिकारी और मीडिया कर्मी आदि मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। नितिन मुकेश प्रजापति ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया, जिसमें उन्होंने सभी को संबोधित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण , कार्यक्रम में डीजे की धुन पर देश भक्ति गानों पर डांस किया गया और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए गए, जिसने सभी को देशभक्ति की भावना से भर दिया। कार्यक्रम का समापन छात्रों के बीच मिठाइयों के वितरण के साथ हुआ।

## सार-समाचार

### सर्वधर्म मैत्री संघ सम्मानित

**अजमेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम जिला प्रशासन भवन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इंजीनियरिंग कॉलेज बड़ल्या चौराहा के सामने बोटैनिकल गार्डन में आयोजित हुई, जिसमें वृक्षारोपण में सहभागी होने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वधर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, प्रभारी शासन सचिव नवीन जैन, संभागीय आयुक्त महेश शर्मा, आईजी लता मनोज कुमार, जिलाधीश डॉ भारती दीक्षित, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई, मेयर ब्रज लता हाडा, डिप्टी मेयर नीरज जैन, शहर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रमेश सोनी द्वारा सम्मानित किया और संस्था के कार्यों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर फादर कॉसमोस शेखावत, सिस्टर अनुषा, मोहम्मद खान, ब्रह्माकुमारी आशा बहन, कीर्ति बहन, रमेश भाई, विक्रम सिंह, सरदार हरदीपसिंह, सूरज बाजाड़ द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

### वृक्षारोपण किया

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनगढ़ में हरियाली तीज उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। एक पेड़ मां के नाम महा अभियान के अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा अजमेर शहर जिला प्रवक्ता महेंद्र पाटनी व पूर्व पार्षद प्रेमराज राठी ने महाविद्यालय में वृक्षारोपण की शुरुआत की। महेंद्र पाटनी ने कहा कि एक वृक्ष मां के नाम और एक वृक्ष देश के नाम लगाकर संपूर्ण परवरिश की जिम्मेदारी निभानी चाहिये। प्रेमराज राठी ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि पेड़ के बड़ा होने तक उसकी लगातार देखभाल की जाये। प्राचार्य सी पी पोखरना ने कहा कि कॉलेज की छात्राओं में जो उत्साह आज हरियाली तीज के अवसर पर है उसी उत्साह से आज लगाए गए पौधों को संरक्षण प्रदान करना है। कॉलेज की छात्राओं के अलावा रणजीत सिंह चौहान, शंकरलाल चौधरी, मंजू, सविता पारीक, सान्या सिन्हा, सोनल, अभिषेक चौहान, जितिन कुमार व कमला मौजूद रही।

### दाधीच जयंती पर अवकाश की मांग

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर दाधीच समाज समिति के प्रतिनिधियों ने बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर दाधीच जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग की।अजमेर दाधीच समाज समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र पंचोली ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में बताया कि सनातन धर्म में बड़े-बड़े तपस्वी, त्यागी ऋषि मुनि हुए हैं। त्याग में महर्षि दाधीचि का नाम पहले स्थान पर आता है। महर्षि ने बिना संकोच जीवत अवस्था में अपनी हड्डियों व देह का दान देवताओं को कर दिया था। अतः समाज उनकी जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित करने एवं शराब व मांस की बिक्री पर पूर्व प्रतिबंध की मांग करता है। ज्ञापन देने वालों में भोलानाथ आचार्य, प्रहलाद दत्त त्रिपाठी, प्रेमचंद शर्मा, राजेश आचार्य, ओमप्रकाश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पूरक परीक्षा 12 से

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से पूरक परीक्षा 12 से 14 अगस्त तक आयोजित होगी। परीक्षा में 38 हजार 152 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड ने परीक्षा सामग्री के ट्रकों को आज 50 जिलों के लिए रवाना किया। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि 12 से 14 अगस्त तक होने वाली बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 50 जिलों के 167 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होंगी। इनमें सैकण्डरी के 34,467 एवं हायर सैकण्डरी के 7,685 परीक्षार्थी भाग लेंगे। बोर्ड सचिव शर्मा, विशेषाधिकारी नीतू यादव एवं अन्य अफसरों ने परीक्षा सामग्री के ट्रकों को जिलों के लिए रवाना किया।

## मंदिर में सहस्त्रधारा का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। सावन की हरियाली तीज के अवसर पर बुधवार को पुष्कर रोड रामनगर स्थित आयुर्वेद रसायनशाला में स्थित प्राचीन अर्जी वाले महादेव के मंदिर पर आज का सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया। सहस्त्रधारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महादेव पर जल चढक़र मनोकामना की अर्जी लगाई।

मंदिर के संचालक ज्ञान प्रकाश कटारिया ने बताया कि प्राचीन अर्जी वाले महादेव मंदिर में बुधवार को पंडित धर्मराज शास्त्री के सानिध्य में विधि.विधान से मंत्रोचार के साथ महादेव के पंचामृत एवं गंगाजल का अभिषेक कर सहस्त्रधारा की गई। सहस्त्रधारा के बाद अर्जी वाले महादेव का मनमोहक अनूठा श्रृंगार कर महा आरती के बाद प्रसादी का आयोजन किया गया। पेशे से इंजीनियर श्रद्धालु हर्ष राय ने बताया कि वह पिछले 30 वर्षों से मंदिर में आ रहे हैं मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना की अरदास की अर्जी लगाई जाती है अर्जी लगाने के लिए देश एवं प्रदेश के कौने कौने से श्रद्धालु मंदिर में आते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर प्रसाद चढ़ाने आते हैं। प्राचीन झरनेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह की हरियाली अमावस्या के अवसर पर बुधवार को ब्यावर रोड सब्जी मंडी के व्यापारिक संघ के सौरव जेठवानी, कन्हैया लाल जेठवानी परिवार की ओर से दुग्धाभिषेक व प्रसादी का आयोजन किया गया। प्राचीन मराठा कालीन तारागढ़ पहाड़ी पर स्थापित झरनेश्वर महादेव मंदिर में झूलेलाल साहिब के चालीहा महोत्सव का पूजन, अखो-आरती पंजडे का भी आयोजन किया गया।

## छात्रावास को पुनः प्रारंभ करवाने की मांग

**शाहपुरा,** (निसं)। श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय शाहपुरा में छात्र प्रतिनिधि-महेंद्र राव,सुरज मेवाड़ा के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन बताया गया कि''महाविद्यालय में काफी वर्षों से बंद पड़ी छात्रावास को पुनः प्रारंभ करवाने एवं महाविद्यालय द्वारा प्रवेश एवं परीक्षा शुल्क की बढ़ोतरी को काम करवाने के संबंध में,, प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। इनमे जल्द से जल्द इन सत्र पर अमल करने एवं ना करने पर उठा आंदोलन की चेतावनी दी गई। जिसमें स्थानीय महाविद्यालय से -छात्र प्रतिनिधि महेंद्र राव,सुरज मेवाड़ा, अंकित खटीक , शुभम खटीक, सुमित खटिक, तेजपाल बलाई , पायल पाराशर ,राधिका जाट , रामगनी रेगर ,ममता बैरवा ,पिंकी माली ,निकिता रेगर ,शुभम खटिक ,अक्षत पाराशर, राहुल बोहरा, वर्षा बोहरा आदि छात्र उपस्थित रहे।

## हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण कर अभियान की हुई शुरुआत

**आसीन्द,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले के आसींद पंचायत समिति परिसर में हरियालो राजस्थान एवं एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत 3100 पौधे का लक्ष्य रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं कार्यक्रम में विधायक जबर सिंह सांखला, उपखंड अधिकारी उम्मेद सिंह राजावत, तहसीलदार बीएल सेन एडिशनल एसपी हेमंत कुमार नोगिया, विकास अधिकारी सुधीर पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, प्रधान सीता देवी खटीक, अनिल सिंह तंवर , एडवोकेट तेजवीर सिंह चुंडावत, सहित जनप्रतिनिधि एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम की शुरुआत हुई वहीं आए हुए अतिथियों ने पंचायत समिति परिसर में वाटिका का उद्घाटन किया तथा राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रहे अभियान एक वृक्ष मां के नाम के तहत वृक्षारोपण



एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए।

किया कार्यक्रम के दौरान विधायक सांखला ने संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए वही नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने बताया कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में प्राण वायु ऑक्सीजन की माहिती आवश्यकता के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों से क्षेत्र में हरे वृक्षों की हो रही अंधाधुंध कटाई को रोकने के लिए भी अवगत करवाया।


**NAME CHANGE**

I, TANYA YADAV daughter of army No JC-248152H, RIS. SHIVRAM. 86 ARMD C/O 56 APO.have changed my name from TANIYA to TANYA YADAV in my father army service records. aff-BW 255775. date-01 August 2024. Notary Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, GARLA DEVI is spouse of Army No. 14856777A, Rank:-SEP, Name:- SETTI BALAKRISHNA, Residing At Vill:- REGIDI, Po:- REGIDI, Tehsil:- R AMADALA VALASA, Dist:- VIZIANAGARAM, State:- ANDHRA PRADESH, Pin:- 532440 have change my Name from GARLA DEVI to SETTI DEVI vide Affidavit No. BW 240038 Dated 07/08/2024 before Court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, RINKU KUMARI is Wife of Army No.15178993X Rank:-NK, Name:- ASHOK KUMAR, Residing At Vill:-BHAGGU TOLA, Post:- BYAPUR, Teh:- MANER, Dist:- PATNA, State:- BIHAR, Pin:-801503 have change my Name from RINKU DEVI and DOB 08/08/1992 to RINKU KUMARI and DOB 10/01/1994 vide Affidavit No.BW 240035 Dated 07/08/2024 before Court campus Nasirabad

**नाम परिवर्तन**

विवाह पूर्व मेरा नाम अमृता कुमारी काष्ट था, जिसे बदलकर अमृता मुन्दड़ा पत्नी अरविंद मुन्दड़ा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता- A, 481 संजय कॉलोनी- भीलवाड़ा 311 001 (राज.)


## सरकार की योजनाओं से जन-जन को जागरूक कर लाभ पहुंचाया जायेगा : भदेल

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को आदर्श मंडल कार्य समिति की बैठक अध्यक्ष रविन्द्र जादौन द्वारा मनुहार गार्डन, आदर्शनगर, अजमेर में आयोजित की गई। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए भदेल ने कहा कि किसी पार्टी, संगठन, दल आदि की नींव कार्यकर्ता होते है। उनके बिना किसी पार्टी का वजूद संभव नहीं है। भाजपा में हर कार्यकर्ता का अपना महत्व रखता है। पार्टी भी कार्यकर्ता को उतना ही महत्व देती है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी में महामंत्री का दायित्व रखने वाला कार्यकर्ता प्रदेश का मुख्यमंत्री बन सकता है। कार्यकर्ता को अपना कर्तव्य बखूबी निभाना चाहिए।

भाजपा सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का भरसक प्रयास किया है। केन्द्र व प्रदेश की सरकार द्वारा नई-नई योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। पहले रक्षा के जिन क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान नगण्य रहता था। भाजपा सरकार आते ही उन क्षेत्रों में भी महिलाओं की भूमिका को बढ़ाया है। पार्टी में भी महिला कार्यकर्ता की भूमिका श्रेष्ठ रहती है।

भाजपा में अन्तिम छोर पर बैठा कार्यकर्ता भी महत्वपूर्ण - भदेल ने कहा कि हम पार्टी के और पार्टी हमारी है, इस संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए। पार्टी का कोई कार्य ना तो छोटा होता है और ना ही कोई कार्य बड़ा होता है, कार्य सिर्फ पार्टी का होता है। हमें अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। पार्टी ने हमेशा अन्तिम छोर पर बैठे कार्यकर्ता को भी आगे लाने का कार्य किया है।

बैठक में भदेल ने प्रदेश के विकास के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे संसाधनों और योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भजनलाल सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट में हर वर्ग और हर व्यवसाय को ध्यान में रखकर कुछ ना कुछ दिया है। सरकार बिजली, पानी के लिए तो कटिबद्ध होने के साथ-साथ बजट में किसान, युवा, महिलाएं बेरोजगारी, वोकल फॉर लोकल, पैंशनर्स आदि सभी वर्गों का समावेशन किया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति को सुदृड करने हेतु विशेष ध्यान रख कर कई योजनाएं बनाई गई है।

इस बजट में अजमेर दक्षिण को बहुत कुछ मिलने का बताते हुए कहा कि नर्सिंग कालेज, पुलिस थाना, सड़के, पानी की पाईप लाईन, 46 करोड रूपए के नाले जिससे ड्रनेज सिस्टम सही होगा, मातृवन वन, राजकीय महाविद्यालय में बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए आदि नए कोर्स, सीएचसी चिकित्सालय, आंगनबाड़ी आदि अजमेर दक्षिण को मिला है। इस महत्वपूर्ण बैठक में स्थानीय लोगों और समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की गई, जिसमें समाज के विकास और कल्याण के लिए विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

भदेल ने कहा कि हम सरकार द्वारा जो घोषणाएं एवं योजनाएं प्रदेश की जनता के लिए बनाई गई है, उनको जन-जन तक और कोने-कोने तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। प्रदेश का कोई भी व्यक्ति योजनाओं से लाभांवित होन से वंचित नहीं होना चाहिए। भदेल ने 15 अगस्त के दिन हम सभी को अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आग्रह किया।

उपमहापौर नीरज जैन ने अजमेर दक्षिण विधानसभा में कराये गए विकास कार्या के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विधायक अनिता भदेल दक्षिण विधानसभा में अपनी मेहनत एवं दूरदृष्टि से विकास कार्यो की गंगा बहाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि ओवर ब्रिज का निर्माण हो या रेल अंडर पास हो सभी बड़े रेल प्रोजेक्ट के लिए भदेल ने रेलमंत्री से स्वयं दिल्ली में जाकर मुलाकात कर निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करवाने का निवेदन किया। परिणामतः कार्य को गति मिली और निर्माण प्रारम्भ हो गया। कांग्रेस ने जिन कार्यों को अटकाया भाजपा ने उन कार्यों को बढ़ाया।

कार्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय परिषद सदस्य तिलक रावत, उपमहापौर नीरज जैन, जिला मंत्री राजेश घाटे,आदर्श मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह जादौन, मंडल महामंत्री रोमेश मिश्रा, सुरेंद्र वर्णवाल, हितेश डाबरिया, प्रशांत यादव, मुकेश मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अंकित गुर्जर, पूर्व आदर्श मण्डल अध्यक्ष सोहन शर्मा,पार्षद सोहन सिंह रावत, भावना चौहान, महेंद्र राव, दिलावर चौहान, महेश्वर झा सनी तिवारी अजीत चौधरी, हुकुमचंद वर्मा, आनंद चौधरी, पुष्पा, ओमप्रकाश गोठवाल, हरजीत सिंह मनकू, राजकुमार सोनी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, चेतन जांगिड़, यतेंद्र शर्मा दिनेश जांगिड़, संजय पवांर, कमलेश सेन, ज्ञानचंद मालू, गणेश रावत, कुलदीप सिंह शेखावत, राजीव अरोड़ा, कुशल अग्रवाल, राजू सिंह, हरीश गर्ग, चेतन जांगिड़, नौरत, अमित चौहान, संतोष जाटव, महेन्द्र मेघवंशी, यदुवेंद्र, दिलीप शर्मा, राजेश शर्मा, विजेन्द्र बूंदवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'प्रकृति का ऋण चुकाने के लिए लगाएं पौधे'

**अजमेर,** (कासं)। जिला स्तरीय वन महोत्सव के कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रकृति का ऋण चुकाने के लिए अधिकतम पेड़ लगाने चाहिए।

एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान (मिशन हरियालो राजस्थान) के अन्तर्गत 75 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन बुधवार को बड़लिया इंजिनियरिंग कॉलेज के पास स्थित बॉटनिकल गार्डन में किया गया। इसमें एक हजार से अधिक वृक्ष लगाए गए। इस दिन जिले में नरेगा से 5700, वन विभाग से एक लाख 86 हजार 500, शिक्षा विभाग से एक लाख 77 हजार तथा अन्य विभागों से 22 हजार वृक्षों का रोपण किया गया। जिले स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक वृक्षारोपण किया गया है। मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम में लहरिया परिधान के साथ महिलाओं ने लोकगीतों के साथ वृक्षारोपण किया।

जिला स्तरीय वन महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति में वृक्षारोपण जीवन का प्रमुख आधार है। आंवलनवमी, पीपल पूर्णिमा तथा दशहरा पर विभिन्न वृक्षों की पूजा कर त्योहार मनाने की परम्परा है। ये हमें प्रकृति द्वारा प्रदत उपहारों का ऋण चुकाने के लिए प्रेरित करते हैं।


**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स गणनायक मार्बल्स, बोरावड भागीदारी पंजीयन सं. 17/20/2009/61 में दिनांक 26.04.2024 से निम्न परिवर्तन हुआ है श्री बहादुर सिंह राजपुरोहीत पुत्र श्री भंवर लाल राजपुरोहीत की दिनांक 25.09.2023 को मृत्यु के पश्चात उनका पुत्र श्री रवि राजपुरोहीत नये साझेदार के रूप में प्रवेश कर रहे है। श्री नरपत सिंह राजपुरोहीत पुत्र श्री हिम्मत सिंह राजपुरोहीत की दिनांक 22.02.2024 को मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नि श्रीमति सुनिता राजपुरोहीत नये साझेदार के रूप में प्रवेश कर रहे है। तथा श्री भंवर लाल पुत्र श्री मांगु राम, श्री विजय सिंह राजपुरोहीत पुत्र श्री भंवर लाल राजपुरोहीत व श्री अमीत पुत्र श्री हिम्मत सिंह साझेदार के रूप में यथावत रहे है । उक्त फर्म में परिवर्तन सभी साझेदारो कि सहमति से किया गया। जिसके संबंध में साझेदारी विलेख में आवश्यक परिवर्तन सभी पक्षकारों की सहमति से कर दिया गया है। यह सूचना जनता के लिए प्रकाशित है। किसी को कोई एतराज हो तो रजिस्ट्रार ऑफ फर्म, नागौर में अपनी आपत्ति 7 दिनो के अन्दर अन्दर दर्ज कराये।

मैसर्स गणनायक मार्बल्स, बोरावड (भागीदार)

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक–न.पा.बि./भूमि/2024/2204 दिनांक– 06–8–2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | पत्रावली न. | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू.सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | पप्पू खां/रंगू खां | चौसला बिजयनगर | 4114 | 21 | 73.33 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक : न.पा.बि./निर्माण स्वी./2024/2159 दिनांक: 5.8.2024

**-: आम सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/ आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| फाइल नं. | आवेदनकर्त्ता का नाम | मूल आवंटी नाम | भूखण्ड का विवरण का नाप | भूखण्ड का प्रकार | हस्तान्तरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 188 | प्रेमलता पालडेचा पत्नि जवरीलाल पालडेचा | उगमा पुत्र कृष्णगोपाल कालेडा | सुन्दर विलास बिजयनगर ख. सं. 871 भू.सं. 10 | 244.44 SQ. Yards | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**2 राज नेवल यूनिट एन सी सी, अजमेर**

क्रमांकः लेखा /02/ एनसीसी दिनांकः 07-08-2024

कार्यालय द्वारा एआईएनएससी कैम्प हेतु एनसीसी कैडेट्स के लिये किटिंग आइटम्स कय किये जाने हेतु निविदायें आमन्त्रित की गयी है। इसकी विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in portal पर एवं कार्यालय समय में कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं। इसके यूबीएन नम्बर NCC2425GSLB00018 हैं। निविदा की अन्तिम दिनांक 13 अगस्त 2024 मध्यान्ह 04 बजे रखी गयी है।

(मनीष सिंह) कमान्डर कमान अधिकारी

LSG/BEAWAR/MUT / 2024-25/96309 DATE:- 03-08-2024 रजि. बेचान-नामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/ 2024-25 / 5125 दिनांक: 07-08-24

**सार्वजनिक सूचना**

श्री शकरूदीन पुत्र श्री उदा जी ने क्षेत्र नं. 1. निर्मल विहार कॉलोनी प्लाट नं. 18 का पूर्वी भाग क्षेत्रफल 110.83, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री लाल सिंह के नाम दर्ज है। रजि.बेचान-नामा दिनांक 19.02.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/94842 DATE:- 30-07-2024 रजि. वसीयत-नामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/ 2024-25 / 5124 दिनांक: 07-08-24

**सार्वजनिक सूचना**

श्री श्याम सुन्दर सोनी पुत्र श्री शिवप्रताप सोनी ने क्षेत्र नं. 3. तेलियान विचलडी मौहल्ला मकान नं. 2/263 क्षेत्रफल 63.11, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री शिवप्रताप पुत्र श्री धनराज जी के नाम दर्ज है। रजि.वसीयत-नामा दिनांक 01.07.2003 मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 01.06.2020 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर


## विधायक ने अमृत सरोवर निर्माण का लोकार्पण

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया व आमजन को पौधारोपण हेतु प्रेरित किया। विधायक ने ग्राम नासून में जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण द्वारा निर्मित अमृत सरोवर निर्माण का लोकार्पण किया। विधायक ने भेरू जी के मंदिर के पास चारागाह विकास कार्य मे जलग्रहण विभाग द्वारा लगाए गए प्लांटेशन में भी पौधरोपण किया एवं प्लांटेशन में किए गए कार्य की प्रशंशा की। विधायक ने अमृत सरोवर निर्माण ग्राम नासून ग्राम पंचायत देवमगरी (जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा करवाए गए चारागाह विकास कार्य प्लांटेशन में पौधरोपण किया।

## अस्पताल में चिकित्सकों ने किया पौधारोपण

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल प्रशासन ने बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज के सभी विभागों के चिकित्सकों द्वारा पौधारोपण किया गया। सभी विभागों ने इस अभियान में हिस्सा लेते हुए पौधों को बड़ा करने का संकल्प लिया।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने कहा कि अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टर, सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर और फैकल्टी मेंबर भी इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने भी पौधारोपण की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि पृथ्वी पर संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। इस अवसर पर विभागों के विभागाध्यक्षों औषधीय, फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया और पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया।

**आंगनबाड़ी में 101 पौधों का रोपणः-** एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के तहत नगर निगम के वार्ड संख्या 59 के पार्षद श्रवण कुमार एवं महात्मा गांधी स्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश दाधीच के नेतृत्व में स्कूल परिसर एवं आंगनबाड़ी में 101 पेड़ लगाए गए एवं इन पेड़ों की देखभाल की शपथ भी ली। कार्यक्रम में राधे श्याम गुप्ता, दिलीप चौहान, हेमंत, सुनील प्रकाश, ममता चौहान, पुष्पा राठौड़ सहित स्कूल के रविंद्र भाटी, संजय आदि स्कूल स्टाफ एवं आंगनबाड़ी स्टाफ का पूरा सहयोग रहा एवं स्कूल के बच्चों के द्वारा भी पौधरोपण किया गया।


**कार्यालय विकास एवं कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांकः–पसअ/लेखा/महानरेगा/निविदा/2024–25/613 दिनांक :- 05/08/24

**ई– निविदा सूचना संख्या 02/2024–25**

पंचायत समिति अरांई के अधीनस्थ समस्त ग्राम पंचायतों में वित्तिय वर्ष 2024–25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण सेजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण–कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा /दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 06.08.2024 को दोपहर 02:30 बजे से दिनांक 20.08.2024 को सायं 6:00 बजे तक ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http:// www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी। NIB NO:- ZAJ2425A0351

| क्र.स | ग्राम पंचायत | UBN NO | क्र.स | ग्राम पंचायत | UBN NO | क्र.स | ग्राम पंचायत | UBN NO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अराई | ZAJ2425GLRC00386 | 9 | कालानाडा | ZAJ2425GLRC00394 | 17 | सिरोंज | ZAJ2425GLRC00402 |
| 2 | सान्दोलिया | ZAJ2425GLRC00387 | 10 | कटसूरा | ZAJ2425GLRC00395 | 18 | कासीर | ZAJ2425GLRC00403 |
| 3 | ढसूक | ZAJ2425GLRC00388 | 11 | लाम्बा | ZAJ2425GLRC00396 | 19 | मनोहरपुरा | ZAJ2425GLRC00404 |
| 4 | आकोडिया | ZAJ2425GLRC00389 | 12 | काकलवाड़ा | ZAJ2425GLRC00397 | 20 | भोगादीत | ZAJ2425GLRC00405 |
| 5 | देवपुरी | ZAJ2425GLRC00390 | 13 | बरोल | ZAJ2425GLRC00398 | 21 | झीरोता | ZAJ2425GLRC00406 |
| 6 | दादिया | ZAJ2425GLRC00391 | 14 | डबरेला | ZAJ2425GLRC00399 | 22 | गोठियाना | ZAJ2425GLRC00407 |
| 7 | बोराडा | ZAJ2425GLRC00392 | 15 | भगवन्तपुरा | ZAJ2425GLRC00400 | | | |
| 8 | मण्डावरिया | ZAJ2425GLRC00393 | 16 | भामोलाव | ZAJ2425GLRC00401 | | | |

विकास एवं कार्यक्रम अधिकारी
अरांई

